सार-समाचार

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि बिरला से चर्चा के दौरान कुलगुरू प्रो. निमित चौधरी ने विश्वविद्यालय की तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों, कार्य योजनाओं एवं कुलगुरु के रूप में अपनी प्राथमिकताओं से अवगत करवाया। नवनियुक्त कुलगुरू प्रो. चौधरी की ओम बिरला से यह प्रथम शिष्टाचार भेंटवार्ता थी। इस अवसर पर कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर बीपी सारस्वत भी उपस्थित रहे। बिरला ने प्रोफेसर चौधरी को कुलगुरु नियुक्त होने की शुभकामनाएं प्रदान की आशा व्यक्त की, कि कुलगुरु प्रो. चौधरी के सफल निर्देशन राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय अपने महान उद्देश्यों के साथ अनवरत आगे बढ़ता रहे। संवाद के दौरान कुलगुरु प्रो. चौधरी ने कहा कि आरटीयू जन-जन तक प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर उच्च शिक्षा के विकास में योगदान देने के कार्य में निरंतर अग्रसर है। तकनीकी शिक्षा के संदर्भ में, सर्व सुलभता और पर्याप्त संसाधनों के साथ आरटीयू सम्पूर्ण प्रदेश में तकनीकी शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों का प्रभावी संचालन कर समाज के सभी वर्गों और युवाओं को लाभान्वित कर रहा हैं। छात्रों के कौशल विकास को दृष्टि से उन्मुख करते हुए विश्वविद्यालय विविध माध्यमों द्वारा शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए हर युवा वर्ग को तकनीकी शिक्षा के विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करने वाले एक गतिमान शिक्षा वातावरण की स्थापना की है।

पारीक समाज का अन्नकूट आज

कोटा, (निसं)। श्री पारीक पंचायत कोटा का अन्नकूट महोत्सव रविवार को पारीक भवन, किशोरपुरा में अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता राहुल पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं नगर निगम कोटा विकास प्राधिकरण की आयुक्त ममता तिवारी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। महामंत्री अशोक पारीक ने बताया कि अध्यक्ष रासबिहारी पारीक निर्देशन में बैठक में कार्यो को अंतिम रूप देकर जिम्मेदारियों को निर्धारित किया। बैठक में संरक्षक रवि पारीक, कोषाध्यक्ष विनोद पारीक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण पारीक, कैलाश पारीक, उपाध्यक्ष महेन्द्र पारीक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निर्मला पारीक, महामंत्री अनिता पारीक, देवेंन्द्र पारीक, राजेन्द्र व्यास, देवराज पारीक, गिरिराज पारीक, मनोज पारीक, रमाकांत पारीक, अक्षय पारीक सहित कई लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष रासबिहारी पारीक ने बताया महेन्द्र पारीक एवं राजीव लोचन पारीक के परिजन की स्मृति में नवनिर्मित कमरों लोकर्पण सायं 5.30 बजे होगा। इसके बाद 6 बजे समाज को आवंटित प्लॉट के ट्रस्टियों को सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि ओम बिरला ट्रस्टियों को सम्मानित करेंगे। कोषाध्यक्ष विनोद पारीक 3 वर्षो का लेखाजोखा पढ़ेंगे। महामंत्री अशोक पारीक ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के तहत रात्रि 8 बजे से अन्नकूट प्रसादी एवं स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है, जिसमें शहरभर के पारीक समाज के सदस्यों एवं अतिथियों के सम्मिलित होंगे।

भाई दूज पर टोंक से कोटा आए नवनीत प्रिय ने डोनेट की एसडीपी

कोटा, (निसं)। दीपावली के पर्व के दौरान कोटा शहर में एसडीपी डोनर्स ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए लोगों के जीवन को बचाने का प्रयास निरंतर किया और भाई दूज की बेला में भी एसडीपी डोनेट की गई। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि टोंक निवासी नवनीत प्रिय गुप्ता कोटा अपनी बहन विभु एवं तापनी गुप्ता के यहां भाई दूज पर आए थे ऐसे में उन्होंने जब एसडीपी डोनेशन के लिए मैसेज देखा तो वह शीघ्र ही तैयार हो गए। मरीज शैलेंद्र को डेंगू होने पर चिकित्सकों ने एसडीपी के लिए कहा, उनकी प्लेटलेट घटकर महज 25 हजार रह गई थी, ऐसे में उन्हें बी पॉजिटिव एसडीपी चढ़ाई जानी थी, उनके भाई यतींद्र सिंह लगातार परेशान हो रहे थे। नवनीत प्रिय ने एसडीपी डोनेट कर मानवीय धर्म निभाया, उनका कहना है कि मानव के लिए की गई सेवा सर्वश्रेष्ठ होती है, उन्होंने कहा कि वह निरंतर सेवा कार्यों से जुड़े रहने को परम धर्म मानते हैं और लोगों को भी प्रेरित करते हैं कि मानवीय सेवा करते रहना चाहिए। यह ईश्वर द्वारा दिया गया वरदान है। श्रीनाथ जी की सेवा से जुड़े नवनीत के पिता अनिल व माता निलेश गुप्ता का कहना था कि परिवार में प्रारंभ से ही मानव धर्म व सेवा के संस्कार है, इसी भाई, भांजा, बेटा व दामाद भी नियमित रक्तदान, नेत्रदान व गौ सेवा के प्रकल्प से जुड़े है। नवनीत ने ग्याहरवीं बार एसडीपी व 22 बार रक्तदान कर चुके हैं।

घर मे मृत अवस्था में मिला इंजीनियर

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके में घर में मृत अवस्था में इंजीनियर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर भीमगंजमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि मृतक की पहचान वैभव तारे (47) के रूप में हुई। थानाधिकारी ने बताया कि पड़ौसियों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वैभव तारे को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया है कि मृतक वैभव तारे निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर थे, लेकिन पिछले कुछ सालों पहले पत्नी से तलाक के बाद नौकरी को छोड़कर कोटा में अकेले रह रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था

भारतीय रेल ने छठ पर्व पर स्टेशन परिसर को बनाया भक्ति एवं उल्लास से सराबोर

कोटा, (निसं)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। यात्रियों को त्योहार की भावना से जोड़ने और यात्रा को और भी सुखद बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ पूजा के पारंपरिक गीतों का प्रसारण प्रारंभ किया है। पटना, दानापुर, हाजीपुर, भागलपुर, जमालपुर, सोनपुर, नई दिल्ली, गाजियाबाद, आनंद विहार टर्मिनल सहित 30 से अधिक प्रमुख स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से ये गीत यात्रियों को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर गूंज रहे केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव और काँच ही बाँस के बहंगिया जैसे गीत उन्हें अपने घर और आस्था से जुड़ने का एहसास करा रहे

■ देशभर के 30 से अधिक रेलवे स्टेशनों सहित कोटा मंडल के कोटा व सोगरिया स्टेशन पर भी गूंज रहे हैं छठ पूजा के गीत

हैं।

कोटा मंडल में भी सुनाई दे रही भक्ति की स्वर लहरियाँ-कोटा मंडल ने भी इस सांस्कृतिक पहल को अपनाते हुए यात्रियों के सफर को भावनात्मक रंग दिया है। मंडल के कोटा एवं सोगरिया रेलवे स्टेशनों पर बिहार की दिशा में प्रस्थान करने वाली छठ पूजा विशेष ट्रेनों के रवाना होने से पूर्व स्टेशन परिसर में छठ पूजा के पारंपरिक गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। छठी मइया के करब हम वरतिया और मांगेला हम वरदान हे गंगा मइया जैसे गीतों से स्टेशन परिसर भक्ति और उल्लास से गूंज रहा है। इससे यात्रियों को न केवल अपने घर की याद ताजा हो रही है, बल्कि त्योहार की पवित्रता और भावनात्मक माहौल का भी अनुभव हो रहा है।

रेलवे प्रशासन ने इस पहल के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए भी कई इंतजाम किए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षा स्थल (होल्डिंग एरिया) बनाए गए हैं, जहाँ वे अपनी ट्रेनों का इंतज़ार आराम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। यह पहली बार है जब भारतीय रेल ने किसी त्योहार के अवसर पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भक्ति गीतों का प्रसारण आरंभ किया है। विशेष रूप से बिहार एवं उत्तर भारत की दिशा में यात्रा करने वाले यात्री इस प्रयास से गहरी भावनात्मक जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। महिला यात्रियों ने इसे घर जैसी अनुभूति बताते हुए रेलवे की इस पहल की सराहना की है। हर वर्ष छठ पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने गृह प्रदेश लौटते हैं। इस वर्ष रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करते हुए अतिरिक्त भीड़ को सफलतापूर्वक संभाला है। लेकिन इस बार स्टेशन परिसर में छठ गीतों के माध्यम से यात्रियों का स्वागत करना एक नया और सराहनीय प्रयोग है, जिसने इस त्योहार को और भी यादगार बना दिया है।

उपज का नया पैमाना बन रहे हैं श्रीराम सुपर बीज

कोटा, (निसं)। आधुनिक कृषि नवाचारों के साथ श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5 एसआर 05 और श्रीराम सुपर 3 एसआर 72 गेहूं बीज राजस्थान के किसानों की पसंदीदा किस्म बन रही हैं। इन उन्नत किस्मों की खासियत अधिक उपज, मजबूत तना, रोग प्रतिरोधकता और जलवायु अनुकूलता ने खेती को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है। कृषक कपूर सिंह के अनुसार एसआर-05 किस्म के मजबूत तने और अधिक कल्ले के साथ हर बाली में 85-90

■ बिक्री रकम 20340 रूपये बरामद

दाने मिलने से उत्पादन दोगुना हुआ है, जबकि विपरीत मौसम में भी फसल की स्थिरता बनी रही। भगवान मीना ने बताया कि एसआर-72 किस्म पिली रतुआ के प्रति अत्यधिक सहनशील और तना गिरने से सुरक्षित है, जिससे फसल और चारे का उत्पादन बेहतर मिला। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स की ये दोनों किस्में आज किसानों के विश्वास का पर्याय बन गई है

कोचिंग छात्र की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर इलाके में कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहे कोचिंग छात्र की होस्टल के कमरे में संदिग्ध मौत हो गई। मृतक छात्र उड़ीसा निवासी बताया जा रहा है, जो पिछले चार महीनों से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। हॉस्टल के कमरे में अचेतावस्था में पड़े छात्र की सूचना पाकर जवाहर नगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्र को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक छात्र के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया है।

जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि उड़ीसा निवासी रोशन (24) जो कोटा में रहकर निजी कोचिंग से नीट की तैयारी कर रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि

■ नीट की तैयारी कर रहा था उड़ीसा निवासी छात्र

मृतक छात्र के साथ इसका चचेरा भाई भी रहता था, दोनों एक साथ एक ही रूम में रहते थे। शनिवार को उसका चचेरा भाई कोचिंग चला गया और दोपहर को जब वापस आया तो दरवाजा अंदर से लॉक था और रोशन गेट नहीं खोल रहा था, जिस पर उसके चचेरे भाई ने दूसरी चाबी से गेट को खोला तो देखा रोशन बेड पर उल्टा पडा था। मृतक के भाई ने इसकी सूचना हॉस्टल इंजार्ज को दी, इंजार्ज ने देखा तो छात्र संदिग्ध हालत में पड़ा था, जिस पर हॉस्टल इंजार्ज ने पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

जानेलवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 20 अक्टूबर को फरियादी विनय वाल्मीकी ने थाने मे रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि वह और उसका छोटा भाई वल्लभबाड़ी में पवन दूध डेयरी नाले के पास खड़े थे। रिपोर्ट में कहा कि अचानक से शुभम, करन व अन्य ने उसके भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और लोहे के पाईप से मारपीट की। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए कच्ची बस्ती बल्लभवाड़ी निवासी शुभम उर्फ सिवांग (20), कुन्हाड़ी निवासी हर्ष (19) एवं बल्लभवाड़ी निवासी समीर उर्फ गोलू (22) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियो को अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया गया।

मानसिक स्वास्थ्य पर सेमीनार आज, देशभर के मनोचिकित्सक करेंगे संबोधित

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब राउंडटाउन, होप सोसायटी और अग्रवाल न्यूरो साइकेट्री सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़े का समापन रविवार को प्रात: 10 बजे से इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित होटल लोटस अनंता में किया जाएगा। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर सेमीनार भी आयोजित की जाएगी।

होप सोसाइटी प्रेसिडेंट डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि सेमीनार के मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला होंगे। समारोह में मेन्टल हेल्थ वेल्बीइंग व आत्महत्या के कारण- निवारण एवं मेन्टल हेल्थ आपदाओं- सेवाओं तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच से सम्बंधित विषय पर इंडियन साइक्रेटरी सोसाइटी की भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. इंद्रा शर्मा, मनोचिकित्सा विभाग बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी बनारस की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना श्रीवास्तव प्रेसीडेंट एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीयल साइक्रेटियल ऑफ इंडिया, पूर्व साइंटिस्ट एएफएमसी, वर्तमान अमीटी नोएडा, डॉ. वनिता मित्तल मैक्स हॉस्पिटल, डॉ. अनुज मित्तल डीडीयू हॉस्पिटल दिल्ली, डॉ. एमएल अग्रवाल वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ प्रेसीडेंट होप सोसाइटी, डॉ. गीता

■ मानसिक स्वास्थ्य प्रमोशन कार्यक्रमों का होगा समापन

बंसल वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ कोटा व डॉ. ऐश्वर्या मित्तल गाजियाबाद समेत अन्य वक्ता व पैनेलिस्ट होंगे।

रोटरी क्लब जिला 3056 की प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता ने बताया कि सेमीनार की चेयरपर्सन डॉ. अरुणा अग्रवाल वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सेमीनार के सेक्रेटरी रामगोपाल अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी होंगे। रोटरी क्लब राउंड टाउन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि सबसे ज्यादा मानसिक स्वास्थ्य कार्य करने वाली संस्थाओं, प्रशोत्तरी में विजेताओं व सबसे ज्यादा उपस्थिति वाले रोटरी क्लब को भी सम्मानित किया जाएगा। डॉ. अविनाश बंसल ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य संगठन व विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 4 से 10 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के रूप में तथा 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम सेवाओं तक पहुँच -आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य है। इमरजेंसी व डिजास्टर के अंदर मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए। डॉ. अरूणा अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एक थीम को चुना जाता है। जिसके ऊपर एकरूपता से विश्वभर में मानसिक स्वास्थ्य प्रमोशन किया जाता है। कोटा मे अग्रवाल न्यूरो साइक्रेट्री सेंटर, होप सोसाइटी व रोटरी क्लब 3056 के प्रांतपाल द्वारा तय किया गया कि हम इस विषय पर 10 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक बराबर प्रोग्राम्स करेंगे। साथ ही, 26 अक्टूबर 2025 को इसका समापन समारोह के रूप में मनाएंगे। रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि 9 सितम्बर को अग्रवाल न्यूरो साइक्रेट्री सेंटर में एनजीओ की मीटिंग भी आयोजित की। जिसमें होप सोसाइटी, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, भारत विकास परिषद्, भारत स्काउट व गाइड्स सहित अन्य संस्थाओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य प्रमोशन का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एलन कोचिंग, सायं मोशन इन्स्टीट्यूट से प्रारम्भ किया गया। उसके बाद गवर्मेंट नर्सिंग कॉलेज, भारत स्कॉउट व गाइड्स, अग्रवाल न्यूरो साइक्रेट्री सेंटर, राजकीय बालिका विद्यालय दादाबाड़ी, गायत्री आश्रम बोरखेड़ा, आकाशवाणी सहित अन्य कई जगह पर कार्यक्रम किए गए। मानसिक स्वास्थ्य दिवस ऑफिशली कोटा में हम 1988 से मना रहे है।

भारी पानी संयंत्र में गैस रिसाव, पांच कर्मी आए चपेट में

रावतभाटा, (निसं)। भारी पानी संयंत्र में उपयोग में आने वाली हाइड्रोजन सल्फाइड (एचटूएस) गैस लिक्विड फॉम में शिफ्ट करते समय शनिवार दोपहर को रिसाव होने पर चार भारी पानी संयंत्र कर्मचारी एवं एक ठेका श्रमिक चपेट में आ गया, जिन्हें तुरन्त राजस्थान परमाणु बिजलीघर के चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर कोटा रेफर किया गया। गंभीर घायलों में भैंसरोड़गढ़ निवासी धर्मेन्द्र लोहार एवं बिहार निवासी जयकुमार तथा अन्य घायलों में शिव बैरवा निवासी रावतभाटा एवं मधुसुदन निवासी छीपाबड़ोद का राजस्थान परमाणु बिजलीघर के चिकित्सालय में उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही रावतभाटा पुलिस उपाधीक्षक कमल प्रसाद मीणा, तहसीलदार विवेक गरासिया, थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत मौके पर पहुंच कर जानकारी ली तथा पूर्व में भी इस प्रकार की कई घटनाएं घट चुकी है, लेकिन भारी पानी संयंत्र ने इस ओर कोई अब तक कोई ध्यान नही दिया है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर वर्षों पुराना तेजाजी महाराज मार्ग विवाद सुलझा

कोटा, (निसं)। ग्राम पंचायत मूंडला में वर्षों से चल रहा तेजाजी महाराज मार्ग का विवाद आखिरकार सुलझ गया है। लंबे अरसे से ग्रामीण इस समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराते आ रहे थे, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने अपनी समस्या से राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को अवगत कराया। मंत्री नागर ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उन्होंने उपखंड अधिकारी दीपक महावर को मौके पर पहुंचकर रास्ते का चिन्हांकन करने और विवाद का समाधान निकालने के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देशों के बाद एसडीएम दीपक महावर ने रेवेन्यू और ग्राम पंचायत टीम के साथ मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों और जनप्रतिनिधि से वार्ता की और सभी की उपस्थिति में मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और सभी को मौके पर रास्ते की मांग से अवगत कराया और सर्व सहमति बनाई पारलिया गाँव के सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में मौके पर ही पर जेसीबी को बुला कर अतिक्रमण को हटाते हुए तेजाजी चौक तक 25 फुट चौड़ा रास्ता निर्धारित किया गया। इस निर्णय से गांव में हर्ष और उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार खंडेलवाल, पंचायत समिति सदस्य विशाल गुर्जर, मुकेश मीणा, हीरा लाल गुर्जर, हंसराज मीणा और समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने कहा कि अब तेजाजी महाराज के दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सुगम मार्ग उपलब्ध हो गया है। ग्रामीणों ने मंत्री हीरालाल नगर, एसडीएम दीपक महावर और प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

'दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होगी'

कोटा, (निसं)। ऊर्जा राज्य मंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर द्वारा 24 अक्टूबर के समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के प्रकाश में उठाये गए मुद्दों पर जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

प्रारंभिक स्तर पर राज्य परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, राजस्थान द्वारा प्रस्तुत तथ्यात्मक विवरण के आधार पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिल्लीपुरा में कुल 42 लाख रुपए की लागत से समसा द्वारा कार्य कराया जाना पाया गया है

जिसका निर्माण कार्य 9-9-2021 को पूर्ण हो गया था, जो कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल से पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के समय का कार्य है।

वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इस विद्यालय में कोई भी निर्माण कार्य होना नहीं पाया गया है।

ऊर्जा मंत्री द्वारा अन्य तीन विद्यालयों का निरिक्षण किया गया, जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरना में 38 लाख रुपए की लागत से कार्य होना पाया गया है। यह कार्य इस विद्यालय में सी एस आर मद से पंचायत समिति सांगोद द्वारा कराया जा रहा है। इस विद्यालय में कक्षा कक्ष निर्माण कार्य प्रगति पर है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद ईस्माईल पुत्र अब्दुल रजाक निवासी-कोटडी कोटा द्वारा दिनांक 01.04.2019 को अपनी खान नम्बर एम.एल. न. 361/07 ऐरिया 35,000/- वर्गफीट स्थित ग्राम पराणा तहसील बूंदी का संचालित करने का इकरार फिरोज खान पुत्र रुस्तम खां निवासी-खातीपुरा जयपुर से किया था, तथा मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 12.11.2019 को खान संचालन हेतु मुख्तारआम भी नियुक्त किया था, परन्तु फिरोज खान द्वारा इकरारनामे की शर्तों का पालन ना करने के कारण अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04.07.2024 को लीगल नोटिस दिलवाकर इकरारनामा बाबत भागीदारी दिनांक 01.04.2019 व मुख्तारनामा दिनांक 12.11.2019 को निरस्त कर दिया गया है, भविष्य मे कोई भी व्यक्ति फिरोज खान से उपरोक्त नम्बर की खान के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का इकरार तथा लेन देन नही करे, अन्यथा उससे होने वाले नुकसानात का वह स्वंय जिम्मेदार होगा। सूचित हो।

रियाज अहमद एडवोकेट
Mob.: 94611-47786

छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा

कोटा(निसं)। त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 04833 (जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस) का संचालन 26 अक्टूबर (रविवार) को एक फेरा के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन जोधपुर स्टेशन से प्रात: 6.45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 14.30 बजे सवाई माधोपुर, 16.05 बजे कोटा, 17.03 बजे रामगंजमंडी एवं 17.28 बजे भवानीमंडी स्टेशनों पर ठहरते हुए अगले दिन प्रात: 7.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04834 (बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर) का संचालन 27 अक्टूबर (सोमवार) को एक फेरा के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से प्रात: 10.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 22.48 बजे भवानीमंडी, 23.13 बजे रामगंजमंडी, 00.35 बजे (अगले दिन) कोटा एवं 2.20 बजे सवाई माधोपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए अगले दिन प्रात: 11.25 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में जोधपुर, मेड़ता रोड, डीडवाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, आसलपुर जोबनेर, जयपुर, दुर्गापुरा, बनस्थली निवाई, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, नागदा, रतलाम, वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड, वापी, पालघर, बोरीवली एवं बांद्रा टर्मिनस स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 21 डिब्बे होंगे, जिनमें 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 7 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान श्रेणी एवं 3 सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल होंगे।

चाकू के हमले में युवक घायल

कोटा, (निसं)। कैथून थाना इलाके में शादी समारोह में गये युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवक को उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैथून थानाधिकारी ने बताया कि अलफेज अपने दोस्तों के साथ शादी समारोह में गया हुआ था। शादी समारोह में ही पुरानी आपसी कहासुनी को लेकर कुछ जनों ने अलफेज पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल अलफेज को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में घायल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।